प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 30.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात में हूल दिवस की चर्चा की, मां के नाम एक पेड़ लगाने की अपील, पेरिस ओलिंपिक के लिए खिलाड़ियों को दीं शुभकामनाएं।

2- भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरी बार टी–20 क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीता, जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने, विराट कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार।

3- राज्य के एक हजार चालीस स्कूलों में जल्द ही बच्चों को उनकी मातृभाषा में मिलेगी शिक्षा, रांची समेत आठ जिलों के 45 शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में दी जा रही है ट्रेनिंग।

4- राज्य के अधिकतर हिस्सों में एक सप्ताह तक सक्रिय रहेगा मानसून, पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार समेत सात जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में संविधान और देश की लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के जरिए राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने चुनाव आयोग और मतदान प्रक्रिया में शामिल सभी लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 30 जून एक महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि आज हूल दिवस मनाया जाता है।

अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने उस समय का जिक्र करते हुए कहा कि संताल परगना में हमारे आदिवासी भाई–बहनों ने विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठा लिया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। उन्होंने ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपने मां के नाम पौधे लगाने की भी अपील की। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी परिवार को भी बधाई दी क्योंकि आकाशवाणी संस्कृत आज अपने प्रसारण के 50 वर्ष पूरे कर रहा है।

*********************

पाकुड़ जिले में आज हूल दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिले के उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरनबाल और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने संथाल हूल के नायक शहीद सिधो–कान्हू, चांद–भैरव और फूलो–झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला मुख्यालय में आदिवासी महिला और पुरुष छात्र–छात्राओं ने झांकी और शोभायात्रा निकाली।

*********************

भारत ने दूसरी बार आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीत लिया है। बारबाडोस में कल रोमांचक फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हरा दिया।
टीम की इस जीत पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने भारतीय टीम को बधाई दी है।

*********************

राज्य के एक हजार चालीस स्कूलों में जल्द ही बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाया जाएगा। इसे लेकर इन स्कूलों में मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसके सफल संचालन के लिए आठ जिलों के 45 शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इधर, राज्य के स्कूलों का कल से समय बदल जाएगा। इसके तहत सरकारी स्कूलों में सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक पठन–पठन होगा।

*********************

सरायकेला खरसावां जिले में भारत सरकार द्वारा नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी निरक्षरो को चिन्हित कर साक्षर बनाने के लिए जन–जन साक्षर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

*********************

नीति आयोग के दिशा–निर्देश पर आकांक्षी जिले चतरा में चार जुलाई से 30 सितंबर तक संपूर्णता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत चतरा जिले के सभी प्रखंडों की विकास प्रक्रिया की जांच के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, टीकाकारण, बिजली उपलब्धता और पाठ्य–पुस्तकों की जांच की जाएगी।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

********************

भारतीय रेलवे के आसनसोल डिवीजन के डीआरएम चेतनानंद सिंह ने कहा है कि इस बार देवघर में होने वाले श्रावणी मेले के दौरान स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी। इसके अलावा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर सभी प्रकार की आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश होगी।

********************

रथ यात्रा को देखते हुए भारतीय रेलवे ने ओडिशा के पुरी के लिए विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। रेलवे की ओर से मिली जानकारी के अनुसार चक्रधरपुर डिवीजन में तीन विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसमें से एक ट्रेन दो से 19 जुलाई तक बादामपहाड़ स्टेशन से पुरी के बीच चलेगी, जो रायरंगपुर, टाटानगर, घाटशिला और भद्रक में रुकेगी। वहीं, दो ट्रेन दो से 19 जुलाई तक राउरकेला और पुरी के बीच चलेगी, जिसमें से एक ट्रेन चक्रधरपुर होते हुए जाएगी। जबकि, दूसरी ट्रेन झारसुगड़ा और संबलपुर होते हुए पुरी के लिए रवाना होगी।

********************

हजारीबाग के बड़कागांव प्रखंड स्थित गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिए 80 टीबी मरीजों के बीच निःशुल्क पोषण किट का वितरण किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ठ कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय और प्रेरक है।

********************

चतरा जिले के टंडवा में बिजली की नियमित आपूर्ति और कोल वाहनों के परिचालन पर रोक की मांग को लेकर जिला भाजपा की आर्थिक नाकेबंदी आज लगातार दूसरे दिन भी जारी है।

********************

राज्य में मानसून की बारिश शुरू होते ही लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, एक सप्ताह तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में मानसून सक्रिय रहेगा। विभाग ने आज राज्य के सात जिलों पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, गुमला, कोडरमा और लोहरदगा में भारी बारिश होने की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

*******समाप्त*************